**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 09.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ", अमर उजाला,दैनिक जागरण, आज, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, जागरूक एक्सप्रेस, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 09.01.2025

### आठ महीने में 18885 विजिटर आए, बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

वाराणसी। पड़ाव के पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल पार्क में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। वीडीए इसकी कार्ययोजना बना रहा है। आठ महीने में यहां 18,885 विजिटर आ चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में अधिक है।

स्थल का मुख्य आकर्षण दीनदयाल उपाध्याय की 63 फीट की मूर्ति और फव्वारे हैं। सुंदर बागवानी, हरे-भरे लॉन, और पक्के रास्ते भी इसे खास बनाते हैं। पार्क में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और पार्किंग सुविधाएं हैं। बच्चों के लिए झूले और खेल के स्थान बनाए गए हैं। यह परिवार के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल बन गया है।

एक ओपन थियेटर भी स्थापित किया गया है, जो सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतरीन स्थान प्रदान करता है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि आने वाले समय में पार्क की सुविधाओं और आकर्षणों में वृद्धि करेंगे। *ब्यूरो*

## अमर उजाला–दि0 09.01.2025

### जाम से छुटकारे के लिए यातायात पुलिस को मिलेंगे फोल्डिंग और जर्सी बैरियर

**वीडीए की अवस्थापना निधि से 36 करोड़ के विकास कार्यों को मंडलायुक्त ने दी मंजूरी**

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। वीडीए में बुधवार को हुई अवस्थापना निधि समिति की बैठक में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने 36 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी दी।

कमिश्नरेट वाराणसी में बेहतर यातायात और जाम से छुटकारे के लिए पुलिस को संसाधन दिए जाएंगे। मोबाइल बैरियर (आयरन)-100 अदद, फोल्डिंग बैरियर (आयरन) - 100 अदद, जर्सी बैरियर (कंक्रीट)-150 अदद और क्रेंस (ट्रैक्टर माउंटेड) 01 अदद मिलेंगे।

बैठक में समिति ने विभागों से समन्वय स्थापित कर सड़कों और अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ करने को कहा। वीडीए सीमा की 20 ग्राम पंचायतों में मिनी हॉट के 5-5 दुकानों का निर्माण कार्य होगा। हर दुकानों के सामने इंटरलॉकिंग का प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। नटनिया दाई मंदिर से रिंग रोड तक जलभराव के निस्तारण के लिए स्टार्म वाटर ड्रेनेज लाइन बिछाया जाएगा।

शिवपुर जोन में निर्मित स्पोर्ट्स स्टेडियम का कायाकल्प होगा। चौराहों पर स्कल्पचर स्थापना, लैंडस्कैपिंग, फाउंटेन लगाए जाएंगे। पार्कों में जिम इक्यूपमेंट और प्ले-इक्यूपमेंट लगाए जाएंगे। विभिन्न मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें लगेंगी।

जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बैठक में जिलाधिकारी एस राजलिंगम, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा शामिल रहे।

अमर उजाला–दि0 09.01.2025

## वीडीए का जोर, ज्यादा से ज्यादा घरों पर लगें सोलर पैनल

वाराणसी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बुधवार को वीडीए में कार्यशाला हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने ज्यादा से ज्यादा घरों पर सोलर पैनल लगाने पर जोर दिया।

अधिशासी अभियंता व सोलर रूफटॉप के नोडल अधिकारी सत्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि वाराणसी के निजी आवास पर सोलर पैनल लगाने पर 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रति किलोवाट का खर्च 60,000 रुपये निर्धारित है। एक किलोवाट पर 45,000, दो किलोवाट पर 90,000 और 3-10 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी।

सोलर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर आवश्यक है। ब्यूरो

अमर उजाला–दि0 09.01.2025

## रविदास पार्क में 8 महीने में आए 99849 लोग

वाराणसी। संत रविदास स्मारक पार्क का विकास वीडीए की ओर से किया गया है। इस पार्क में 8 महीने में 99,849 लोग अए हैं। इसमें 99,024 वयस्क और 825 बच्चे और किशोर थे। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार रविदास पार्क का मुख्य आकर्षण यहां स्थापित संत गुरु रविदास की भव्य मूर्ति और संगीत फव्वारे हैं। जो दिन-रात के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। इन फव्वारों में प्रकाश और संगीत का समन्वय आगंतुकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। बच्चों के लिए विशेष रूप से झूले और खेलने के स्थान बनाए गए हैं। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 09.01.2025

# शिवपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का होगा कायाकल्प, सजाए जाएंगे चौराहे

- कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई अवस्थापना समिति की बैठक
- नगरीय सुविधाओं पर खर्च होंगे 36 करोड़, मिली स्वीकृति

जागरण संवाददाता, वाराणसी: शिवपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का कायाकल्प होगा। इसके साथ ही नगर को सजाने-संवारने के दृष्टिगत प्रमुख चौराहों पर स्कल्पचर की स्थापना, लैंड स्कैपिंग और फाउंटेन आदि कार्य भी होंगे। पार्कों को सुंदर बनाने के साथ ही इसकी उपयोगिता बढ़ाने की दिशा में भी कार्य प्रारंभ होंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। अवस्थापना निधि समिति की बैठक में कुल 36 करोड़ के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इस पर समिति ने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की।

कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर बुधवार को आयोजित अवस्थापना निधि समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा वाराणसी शहर में अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। नटिनिया दाई मंदिर से रिंग रोड तक आए दिन जलजमाव से निबटने के लिए के लिए स्टार्म वाटर ड्रेनेज लाइन बिछाने पर भी मुहर लगाई गई। नगर के प्रमुख पार्कों में जिम इक्यूपमेंट व प्ले-इक्यूपमेन्ट स्थापना को भी स्वीकृति दी गई। बताया गया कि इस पर कार्य तत्काल प्रारंभ हो जाएगा।

वाराणसी शहर के विभिन्न मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था के साथ ही प्राधिकरण की सीमा के 20 ग्राम पंचायतों में मिनी हाट के अंतर्गत पांच-पांच दुकानों का निर्माण कार्य तथा दुकानों के सामने इंटरलाकिंग का प्लेटफार्म बनाए जाने को स्वीकृत किया गया। कमिश्नरेट वाराणसी में सुदृढ़ एवं सुगम यातायात व्यवस्था के संचालन, जाम की सूचनाओं पर त्वरित कार्य करने लिए यातायात पुलिस को 100 मोबाइल बैरियर (आयरन), 100 फोल्डिंग बैरियर (आयरन), 150 जर्सी बैरियर (कंक्रीट) व एक क्रेंस (ट्रैक्टर माउंटेड) उपलब्ध कराये जाने के लिए धनराशि की स्वीकृति पर मुहर लगायी गई। कमिश्नर ने अवस्थापना समिति द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर सड़कों एवं अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ किए जाने को निर्देशित किया। डीएम एस राजलिंगम वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## आज–दि0 09.01.2025

### विप्रा में शुरू हुई सूर्य घर योजना पर कार्यशाला

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर बुधवार को सभागार में आऊटसोर्सिंग और पेंशनर कर्मचारियों की तीन दिन की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पीएम सूर्य घर बिजली योजना से संबंधित है। कार्यशाला में पहले दिन अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी सोलर रूफटाप के सत्यप्रकाश वर्मा ने कर्मचारियों और अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि सोलर पैनल लगाने पर राज्य सरकार एक लाख आठ हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान करेगी। जिसमें प्रतिकिलो वाट ६० हजार रुपये निर्धारित है। जिसमें एक किलोवाट पर ४५ हजार रुपये, दो किलो वाट पर ९० हजार, तीन से दस किलोवाट पर एक लाख आठ हजार रुपये सब्सिडी दी जायेगी। निजी एजेंसी सीपीडी के तकनीकी अधिकारियों ने बताया कि संबंधित विषय में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर आवश्यक है। कार्यशाला में विभाग के कर्मचारियों ने कई आवश्यक प्रश्न किया जिसका जवाब एजेंसी के लोगों ने दिया।

## हिन्दुस्तान–दि0 09.01.2025

### अवस्थापना निधि से 36 करोड़ के कार्य को मंजूरी

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए की अवस्थापना निधि समिति की बैठक बुधवार को हुई। कमिश्नरी सभागार में मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 36 करोड़ के निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई।

सबसे महत्वपूर्ण फैसला भोजूबीर सिंधौरा मार्ग पर सीवर समस्या से निजात के लिए चार करोड़ से पाइप लाइन बिछाने का रहा। शिवपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार, विभिन्न चौराहों पर यातायात को सुगम बनाने के लिए और सुंदरीकरण कार्यों को मंजूरी मिली। 20 ग्राम पंचायतों में मिनी हाट के तहत 5-5 दुकानों का निर्माण तथा प्रत्येक दुकानों के सामने इंटरलाकिंग का प्लेटफार्म बनाया जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि यातायात को सुगम बनाने के लिए 100 मोबाइल बैरियर, फोल्डिंग बैरियर, 150 जर्सी बैरियर को मंजूरी मिली है।

#### ऐढ़े में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

वाराणसी। ऐढ़े में निगम की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग को राजस्व टीम ने बुधवार को ध्वस्त कर दिया। इस बीच कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन प्रवर्तन दल के हस्तक्षेप पर उन्हें हटना पड़ा। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 09.01.2025

# पीएम सूर्य घर योजना के तहत वीडीए में कार्यशाला

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अपने नियमित, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत बुधवार को प्राधिकरण सभागार में प्रथम दिवस नियमित कर्मचारियों के साथ संपन्न किया गया। पहले दिन स्थाई कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। इसमें अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी सोलर रूफटॉप, सत्य प्रकाश वर्मा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वाराणसी स्थित निजी आवास पर सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रति किलोवाट का खर्च 60,000 रुपये निर्धारित है, जिसमें एक किलोवाट पर 45,000 रुपए, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपए और 3 से 10 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपए की सब्सिडी मिलेगी। कार्यशाला में उपस्थित सोलर सोल्यूशन प्रा. लि. (सीपीडी) की टीम ने तकनीकी और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की। जानकारी दी कि रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर आवश्यक है। इस अवसर पर प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागाध्यक्ष और कर्मचारियों ने योजना से संबंधित प्रश्न पूछे और लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 09.01.2025

# 36 करोड़ के विभिन्न विकास कार्य के प्रस्ताव पास

**वीडीए की अवस्थापना बोर्ड में लिये गये अहम फैसले**

वाराणसी। विकास प्राधिकरण, की अवस्थापना निधि समिति की बैठक अध्यक्ष मंडलायुक्त की अध्यक्षता में जिलाधिकारी, वाराणसी, उपाध्यक्ष, वीडीए एवं नगर आयुक्त, नगर निगम के साथ-साथ समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, जिसमें जन प्रतिनिधियों ने वाराणसी शहर में अवस्थापना सुविधायें विकसित किये जाने के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

**मुख्य प्रस्तावों के अंतर्गत:** नटिनिया दाई मंदिर से रिंग रोड तक हो रहे जलजमाव के निस्तारण के लिए स्टार्म वाटर ड्रेनेज लाइन बिछाने का कार्य। शिवपुर जोन के अन्तर्गत स्थित निर्मित स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार कायाकल्प का कार्य। वाराणसी शहर के विभिन्न चौराहों पर स्कल्पचर स्थापना, लैण्डस्कैपिंग, फाउण्टेन इत्यादि का कार्य। जनपद वाराणसी के विभिन्न पार्कों में जिम इक्यूपमेन्ट एवं प्ले-इक्यूपमेन्ट स्थापना का कार्य। शहर के विभिन्न मार्गों पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था के कार्य के लिए धनराशि आरक्षित किये जाने का प्रस्ताव। विकास प्राधिकरण की सीमांतर्गत 20 ग्राम पंचायतों में मिनी हॉट के अंतर्गत 5-5 दुकानों का निर्माण कार्य तथा प्रत्येक दुकानों के सामने इण्टरलाकिंग का प्लेटफार्म बनाये जाने का कार्य। कमिश्नरेट वाराणसी में सुदृढ़ एवं सुगम यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए जनपद में सुदृढ़ बनाये रखने तथा जाम की सूचनाओं पर त्वरित रिस्तारण कराये जाने के लिए यातायात पुलिस को निम्न संसाधनों क्रमशः मोबाइल बैरियर (आयरन)-100, फोल्डिंग बैरियर (आयरन) - 100, जर्सी बैरियर (कंकीट)-150 एवं क्रेन्स (ट्रैक्टर माउण्टेड)-01 उपलब्ध कराये जाने के लिए धनराशि की स्वीकृति। अवस्थापना समिति द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर सड़कों एवं अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। अवस्थापना निधि समिति की सम्पन्न बैठक में समिति के समक्ष कुल राशि रु. 36 करोड़ का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसपर चर्चा के उपरान्त समिति ने सहमति प्रदान की।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 09.01.2025

## पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल पर 8 महीनों में आए 18,885 आगंतुक

**वाराणसी।** वीडीए की तरफ से विकसित पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल (पड़ाव) ने अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक कुल 18,885 आगंतुकों का स्वागत किया। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जो पार्क की बढ़ती लोकप्रियता और आकर्षण को दर्शाता है। पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल का मुख्य आकर्षण यहां स्थापित दीनदयाल उपाध्याय जी की भव्य 63 फीट की मूर्ति और मनोरम फव्वारे हैं। फव्वारों में प्रकाश और जलधारा का अनूठा समन्वय आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित करता है। इसके अलावा, पार्क में सुंदर बागवानी, हरे-भरे लॉन, और पक्के रास्ते भी इसे आगंतुकों के लिए खास बनाते हैं। पार्क में आगंतुकों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, और पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए झूले और खेल के स्थान बनाए गए हैं, जिससे यह परिवारों के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल बन गया है। इसके अतिरिक्त, यहां एक ओपन थिएटर भी स्थापित किया गया है, जो सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतरीन स्थान प्रदान करता है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा, 'पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह लोगों को प्रकृति के करीब लाने का भी प्रयास करता है। आने वाले समय में हम पार्क की सुविधाओं और आकर्षणों में और वृद्धि करेंगे।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 09.01.2025

# कार्यशाला आयोजित कर सोलर ऊर्जा अपनाने हेतु किया प्रोत्साहित

वाराणसी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अपने नियमित, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत 08/01/2025 को प्राधिकरण सभागार में प्रथम दिवस नियमित नियमित कर्मचारियों के साथ संपन्न किया गया ग्र इसमें अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी सोलर रूफटॉप, सत्य प्रकाश वर्मा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वाराणसी स्थित निजी आवास पर सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रति किलोवाट का खर्च 60,000 रुपये निर्धारित है, जिसमें 1 किलोवाट पर 45,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी।



कार्यशाला में उपस्थित सोलर सोल्यूशन प्रा. लि. (सीपीडी) की टीम ने तकनीकी और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सहायता प्रदान दिया। रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर आवश्यक है। इस अवसर पर प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागाध्यक्ष और कर्मचारियों ने योजना से संबंधित प्रश्न पूछे और लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जागरूक एक्सप्रेस–दि0 09.01.2025

## वीडीए में कार्यशाला आयोजित



जिला प्रतिनिधि

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अपने नियमित, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत बुधवार को प्राधिकरण सभागार में प्रथम दिवस नियमित नियमित कर्मचारियों के साथ संपन्न किया गया। पहले दिन स्थाई कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। इसमें अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी सोलर रूफटॉप, सत्य प्रकाश वर्मा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वाराणसी स्थित निजी आवास पर सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रति किलोवाट का खर्च 60,000 रुपये निर्धारित है, जिसमें 1 किलोवाट पर 45,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी।


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 09.01.2025

### सोलर ऊर्जा अपनाने को किया प्रोत्साहित

**वाराणसी।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अपने नियमित, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत बुधवार को प्राधिकरण सभागार में प्रथम दिवस नियमित नियमित कर्मचारियों के साथ संपन्न किया गया ' इसमें अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी सोलर रूफटॉप, सत्य प्रकाश वर्मा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वाराणसी स्थित निजी आवास पर सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रति किलोवाट का खर्च 60,000 रुपये निर्धारित है, जिसमें 1 किलोवाट पर 45,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी। कार्यशाला में उपस्थित सोलर सोल्यूशन प्रा. लि. (सीपीडी) की टीम ने तकनीकी और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सहायता प्रदान दिया। रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर आवश्यक है। इस अवसर पर प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागाध्यक्ष और कर्मचारियों ने योजना से संबंधित प्रश्न पूछे और लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 09.01.2025

### दीनदयाल स्मृति स्थल की बढ़ी लोकप्रियता



**आकर्षण**

**8 महीनों में पहुंचे 18,885 लोग**

**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल की इन दिनों लोकप्रियता काफी बढ गई है। जहां 8 महीनों में 18,885 लोग पहुंचे। इस दौरान लोगों ने दीनदयाल की भव्य मूर्ति को देखा और पार्क में परिवार संग पिकनिक भी मनाया। वीडीए द्वारा विकसित पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल (पड़ाव)में पंडित दीनदयाल स्थापित दीनदयाल उपाध्याय की 63 फीट की भव्य मूर्ति जहां लोगों में आकर्षक का केद्र बन गया हैं,वहीं पार्क में फव्वारों के साथ प्रकाश और जलधारा का अनूठा समन्वय बेहतरीन दिखाई दे रहा है। ओपन थिएटर से सुसज्जित यह पार्क सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए जहां एक बेहतरीन स्थान है,वहीं सुंदर बागवानी, हरे-भरे लान और आगंतुकों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था भी है। जिसमें स्वच्छ पेयजल, शौचालय,और पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए झूले और खेल के लिए बेहतर स्थान के साथ परिवारों के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल भी बनाया गया है।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा हैं कि पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है,बल्कि यह लोगों को प्रकृति के करीब लाने का भी प्रयास करता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में लोगों के लिए पार्क को अधिक सुविधायुक्त और बेहतर बनाया जाएगा।

## परफेक्ट मिशन–दि0 09.01.2025

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत वीडीए में कार्यशाला का हुआ आयोजन

परफेक्ट मिशन



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अपने नियमित, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत बुधवार को प्राधिकरण सभागार में प्रथम दिवस नियमित नियमित कर्मचारियों के साथ संपन्न किया गया।

पहले दिन स्थाई कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। इसमें अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी सोलर रूफटॉप, सत्य प्रकाश वर्मा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वाराणसी स्थित निजी आवास पर सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रति किलोवाट का खर्च 60,000 रुपये निर्धारित है, जिसमें 1 किलोवाट पर 45,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी। कार्यशाला में उपस्थित सोलर सोल्यूशन प्रा. लि. (सीपीडी) की टीम ने तकनीकी और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की। जानकारी दी कि रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर आवश्यक है। इस अवसर पर प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागाध्यक्ष और कर्मचारियों ने योजना से संबंधित प्रश्न पूछे और लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

## न्यायाधीश–दि0 09.01.2025

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत वीडीए में कार्यशाला का आयोजन कल तक



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अपने नियमित, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 8 जनवरी को प्राधिकरण सभागार में प्रथम दिवस नियमित नियमित कर्मचारियों के साथ संपन्न किया गया। पहले दिन स्थाई कर्मचारियों ने कार्यशाला मे भाग लिया। इसमें अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी सोलर रूफटॉप, श्री सत्य प्रकाश वर्मा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वाराणसी स्थित निजी आवास पर सोलर पैनल लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रति किलोवाट का खर्च 60,000 रुपये निर्धारित हैं, जिसमें 1 किलोवाट पर 45,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी। कार्यशाला में उपस्थित सोलर सोल्यूशन प्रा. लि. (सीपीडी) की टीम ने तकनीकी और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की। जानकारी दी कि रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर आवश्यक हैं। इस अवसर पर प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागाध्यक्ष और कर्मचारियों ने योजना से संबंधित प्रश्न पूछे और लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 09.01.2025

# लोगों को आकर्षित करता वाविप्रा द्वारा विकसित पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल



वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल (पड़ाव) ने अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक कुल 18,885 आगंतुकों का स्वागत किया। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जो पार्क की बढ़ती लोकप्रियता और आकर्षण को दर्शाता है। पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल का मुख्य आकर्षण यहां स्थापित दीनदयाल उपाध्याय जी की भव्य 63 फीट की मूर्ति और मनोरम फव्वारे है। फव्वारो में प्रकाश और जलधारा का अनूठा समन्वय आगंतुको को विशेष रूप से आकर्षित करता है। इसके अलावा, पार्क में सुंदर बागवानी, हरे-भरे लॉन, और पक्के रास्ते भी इसे आगंतुको के लिए खास बनाते है। पार्क मे आगंतुकों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, और पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध है। बच्चो के लिए झूले और खेल के स्थान बनाए गए है, जिससे यह परिवारो के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल बन गया है। इसके अतिरिक्त, यहां एक ओपन थिएटर भी स्थापित किया गया है, जो सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतरीन स्थान प्रदान करता है। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा, 'पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह लोगो को प्रकृति के करीब लाने का भी प्रयास करता है। आने वाले समय मे हम पार्क की सुविधाओ और आकर्षणो में और वृद्धि करेंगे।'

## वाविप्रा के विकसित पार्क ने रिकॉर्ड संख्या में आगंतुकों का किया स्वागत



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा विकसित संतगुरू रविदास स्मारक पार्क मे अप्रैल 2024 से दिसम्बर 2024 तक आगंतुको की संख्या मे उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि मे पार्क ने कुल 99,849 आगंतुकों का स्वागत किया, जिसमे से 99,024 वयस्क और 825 बच्चे एवं किशोर थे। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जो पार्क की लोकप्रियता को दर्शाता है। आगंतुक संख्या मे भारी वृद्धि से आय मे भी बढ़ोतरी हुई है। संतगुरू रविदास स्मारक पार्क का मुख्य आकर्षण यहां स्थापित संतगुरू रविदास की भव्य मूर्ति और संगीत फव्वारे है, जो दिन-रात के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करते है। इन फव्वारों मे प्रकाश और संगीत का समन्वय आगंतुकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है, जिससे वे बार-बार पार्क आने के लिए प्रेरित होते है। इसके अलावा, पार्क मे हरे-भरे लॉन, सुंदर फूलों की क्यारियां और पक्के रास्ते इसकी शोभा बढ़ाते है।